प्रो0 एच0के0 पालीवाल
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/6519 दिनांकः03 फरवरी, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2022–23 के विषम सेमेस्टर के एम0बी0ए0 एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष के तृतीय सेमेस्टर तथा अन्य पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म भरे जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2021/6511 दिनांक 31 जनवरी, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2022–23 के विषम सेमेस्टर के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमो (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं हेतु ई0आर0पी0 के माध्यम से **दिनांक 05 फरवरी, 2023 तक** परीक्षा फार्म भरे जाने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की सूचना दी गयी थी।

उक्त के सम्बन्ध में कतिपय संस्थानों/छात्रों द्वारा किये गये अनुरोध को स्वीकार करते हुए विश्वविद्यालय के पत्र संख्या पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2021/6507 दिनांक 28 जनवरी, 2023 के अनुसार दिनांक **10 फरवरी, 2023 से दिनांक 27 फरवरी, 2023** के मध्य आयोजित होने वाली **एम0बी0ए0 एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष के तृतीय सेमेस्टर** में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरे जाने तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की निर्धारित उपरोक्त अन्तिम तिथि को **दिनांक 08 फरवरी, 2023 को सायः 5.00 बजे** तक विस्तारित कर दिया गया है।

उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि विषम सेमेस्टर के **प्रथम सेमेस्टर (समस्त पाठ्यक्रम) एवं तृतीय सेमेस्टर (बी0टेक0, बी0 फार्म, एम0फार्म0, एम0टेक, एम0आर्क एवं एम0यू0आर0पी0)** के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयो की परीक्षाओं के परीक्षा फार्म तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किये जाने हेतु निर्धारित उपरोक्त अन्तिम तिथि को **दिनांक 28 फरवरी, 2023 तक विस्तारित कर दिया गया है।**

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए नियमानुसार/समयानुसार **परीक्षा फार्म तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क** जमा कराने का कष्ट करें।

भवदीय

03.2.2023

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति,/कुलसचिव,/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर नियंत्रक,/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

COELETTER-833